हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
रविवार
13 सितंबर 2026, बरेली

**PAGE NO.- 07 : TOP**

# मरीजों के उपचार में सेवा भाव एवं नैतिक मूल्यों का ध्यान जरूरी

## एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में कोलोप्रोक्टोलॉजी कांफ्रेंस का आज आखिरी दिन

**बरेली, वरिष्ठ संवाददाता।** एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के जनरल, लेप्रोस्कोपिक एवं रोबोटिक सर्जरी विभाग की ओर से दो दिवसीय कोलोप्रोक्टोलॉजी कांफ्रेंस एवं ट्रेनिंग वर्कशाप शनिवार को आरंभ हुई। सर्जरी के क्षेत्र में विशिष्ट सेवाओं के लिए डा.आईएस तोमर और आयुर्वेदिक शल्य चिकित्सक डा. लालता प्रसाद को लाइफ टाइम अचीवमेंट से सम्मानित किया गया। दोनों चिकित्सकों को सम्मानित करते हुए एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति ने चिकित्सकों की युवा पीढ़ी को इन दोनों से मरीजों के प्रति सेवा भाव, जुनून और नैतिक मूल्यों को सीखने का संदेश दिया।

एसोसिएशन ऑफ सर्जन ऑफ इंडिया के बरेली चैप्टर के सहयोग से हो रही इस कोलोप्रोक्टोलॉजी कांफ्रेंस एवं ट्रेनिंग वर्कशाप के पहले दिन उद्घाटन सत्र के साथ साइंटिफिक प्रोग्राम के अंतर्गत 11 सेशन हुए। उद्घाटन सत्र में इंटरनेशनल सोसायटी आफ कोलोप्रोक्टोलॉजी (आईएससीपी) के पूर्व प्रेसिडेंट डा.प्रशांत रहाटे ने कोलोप्रोक्टोलॉजी कांफ्रेंस एवं वर्कशाप के लिए आयोजन समिति का आभार जताया और अपनी शुभकामनाएं दीं। आईएससीपी के सेक्रेटरी डा. नीरज गोयल ने कहा कि आईएससीपी का मुख्य एजेंडा सही जानकारी और ज्ञान को चिकित्सकों के बीच पहुंचाना है। इंटरनेशनल सोसायटी आफ कोलोप्रोक्टोलॉजी (आईएससीपी) के एकेडेमिक कंवीनर डा.दिनेश शाह ने कहा कि दो दिवसीय यह कांफ्रेंस एक शुरुआत है। इसका मुख्य और प्राथमिक उद्देश्य सीखना और सिखाना है। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिए।



एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में वरिष्ठ सर्जन डॉ. आईएस तोमर को किया गया सम्मानित।

आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रवीश अग्रवाल ने चिकित्सकों के संगठित होने, ज्ञान को बांटने और सीखने सिखाने पर जोर दिया। एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डा.एमएस बुटोला ने एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में संचालित ऑक्सीजन थेरेपी, रोबोटिक सर्जरी जैसी विश्वस्तरीय सुविधाओं और विशेषताओं की जानकारी दी। इससे पहले कोलोप्रोक्टोलॉजी कांफ्रेंस एवं ट्रेनिंग वर्कशाप के चेयरमैन एवं जनरल, लेप्रोस्कोपिक एवं रोबोटिक सर्जरी विभागाध्यक्ष डा.एसके सागर ने सभी का स्वागत किया और कोलोप्रोक्टोलॉजी कांफ्रेंस एवं ट्रेनिंग वर्कशाप की जानकारी दी।

मौके पर एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर आदित्य मूर्ति, इंटरनेशनल सोसायटी आफ कोलोप्रोक्टोलॉजी (आईएससीपी) के ट्रेजरार डा.जितेन चौधरी (मुंबई), एसोसिएशन आफ सर्जन आफ इंडिया के बरेली चैप्टर के सेक्रेटरी डा.सुजॉय मुखर्जी, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा.आरपी सिंह, वाइस प्रिंसिपल डा.रोहित शर्मा, डिप्टी मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा.सीएम चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।